राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – अक्टूबर 2021

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** अब तक 58,413 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** अब तक 15,200 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।

** सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।*

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 20 अक्टूबर 2021 को मुख्य महाप्रबंधक, NPMU की अध्यक्षता में राजस्थान में 'NSGM' के तहत स्वीकृत स्मार्ट ग्रिड परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए एक आभासी बैठक आयोजित की गई थी।
2. 'SGKC' में डिजिटल इनोवेशन पार्क में प्रदर्शन के लिए पेश किए गए 39 समाधानों में से 20 समाधानों का मूल्यांकन 'SGKC' विशेषज्ञ पैनल के समिति सदस्यों द्वारा 1 अक्टूबर 2021 और 3 अक्टूबर 2021 को किया गया।
3. 'BIS' अनुभागीय समिति – 'ETD' 13/पैनल 5 द्वारा 'भारत में स्मार्ट मीटरिंग परिनियोजन के लिए इंटरचेंजबल संचार मॉड्यूल' पर पूर्व-मानकीकरण अध्ययन रिपोर्ट' पर एक प्रारूप रिपोर्ट तैयार की गई एवं 6 अक्टूबर 2021 को टिप्पणियों के लिए परिचालित की गई।
4. वरिष्ठ महाप्रबंधक, NPMU को संशोधित वितरण क्षेत्र योजना ('RDS') के तहत राज्य डिस्कॉम के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने में सलाह देने के लिए 'NPTI' द्वारा गठित 'सलाहकार बोर्ड' में विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। 12 अक्टूबर 2021 को सलाहकार बोर्ड की प्रारंभिक बैठक आयोजित हुई।
5. 22 अक्टूबर 2021 से 23 अक्टूबर 2021 तक वरिष्ठ महाप्रबंधक, NPMU ने राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद द्वारा आयोजित इंटेलीस्मार्ट के पेशेवरों के लिए 'AMI' प्रशिक्षण कार्यक्रम में "AMI सिस्टम, बिजनेस मॉडल (TOTEX, OPEX आदि), 'SLA' / 'SBD', और स्मार्ट मीटर कार्यान्वयन में नियामक आवश्यकता के विभिन्न लाभ" पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया।
6. 20 अक्टूबर 2021 को NPMU ने विद्युत क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, बिग डेटा, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी आदि के अनुप्रयोग को बढ़ावा देने के लिए संरचना विकसित करने के लिए कार्य बल (टास्क फोर्स) की आभासी बैठक में भाग लिया।
7. 27 अक्टूबर 2021 को NPMU अधिकारियों ने पूसा कृषि 'ICAR-IARI', नई दिल्ली का दौरा किया और सीईओ पूसा कृषि के साथ बैठक की और स्मार्ट ग्रिड ज्ञान केंद्र , मानेसर पावरग्रिड में उद्भवन केन्द्र (इनक्यूबेशन सेंटर) की स्थापना के संबंध में चर्चा की ।
8. 8 अक्टूबर 2021 को सचिव, विद्युत मंत्रालय की अध्यक्षता में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्मार्ट मीटरिंग की स्थिति की समीक्षा हेतु एक आभासी बैठक आयोजित की गई।
9. 1 अक्टूबर 2021 को संयुक्त सचिव (वितरण), विद्युत मंत्रालय की अध्यक्षता में राज्यों (दिल्ली, बिहार, राजस्थान और अंडमान एवं निकोबार) में 'EESL' द्वारा स्मार्ट मीटर की स्थापना की प्रगति पर एक आभासी समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

**निदेशक NPMU**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**